# टिहरी झील में जुटेंगी देशभर की पुलिस टीमें, 52 स्पर्धाओं में दिखेगा दमखम

**प्रतियोगिता**

**प्रतियोगिता के सफल संचालन की जिम्मेदारी इंडो-तिब्बतन बॉर्डर पुलिस को सौंपी गई है**




**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
25 वां ऑल इंडिया पुलिस वाटर स्पोर्ट्स क्लस्टर के तहत टिहरी झील में देशभर की पुलिस टीमें जुटेंगी। 08 से 12 अप्रैल तक आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में राज्य पुलिस एवं केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों कीदेश भर की कुल 19 टीमें हिस्सा लेंगी।
कुल 52 स्पधाओं में कैनोइंग, कयाकिंग और रोइंग प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। आयोजन का शुभारंभ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे।
सोमवार को सीमाद्वार स्थित आईजी आईटीबीपी मुख्यालय में आईजी मनु महाराज ने पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी।
उन्होंने बताया कि इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के सफल संचालन की जिम्मेदारी इंडो-तिब्बतन बॉर्डर पुलिस को सौंपी गई है, जबकि यह प्रतियोगिता ऑल इंडिया पुलिस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के तत्वावधान में आयोजित होगी।
उन्होंने बताया कि आयोजन में देशभर से विभिन्न राज्य पुलिस एवं केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की कुल 19 टीमें भाग लेंगी।
इनमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, सीमा सुरक्षा बल, इंडो-तिब्बतन बॉर्डर पुलिस, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, सशस्त्र सीमा बल, असम राइफल्स सहित विभिन्न राज्यों की पुलिस टीमें शामिल हैं।
प्रतियोगिता में करीब 500 खिलाड़ी, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, तकनीकी अधिकारी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों सहित कुल 1000 से 1200 लोगों के भाग लेने की संभावना है।
प्रतियोगिता के अंतर्गत कुल 52 इवेंट आयोजित किए जाएंगे, जिनमें कैनोइंग की 18, कयाकिंग की 18 और रोइंग की 16 स्पधाएं शामिल हैं। कैनोइंग एवं कयाकिंग में 200, 500 और 1000 मीटर की दौड़ आयोजित होगी, जबकि रोइंग में 500 और 2000 मीटर की प्रतिस्पधाएं कराई जाएंगी।
सभी प्रतियोगिताएं पुरुष एवं महिला वर्ग में आयोजित की जाएंगी।
कार्यक्रम के अनुसार 06 अप्रैल से टीमों का आगमन प्रारंभ होगा। 07 अप्रैल को उद्घाटन समारोह की रिहर्सल और 08 अप्रैल को भव्य उद्घाटन के साथ प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जाएगा।

# जिलाधिकारी की जनसुनवाई, 76 शिकायतें दर्ज, 34 का मौके पर निस्तारण

**निर्देश**

**सभी शिकायतों का संवेदनशीलता के साथ शीघ्र निस्तारण किया जाए : जिलाधिकारी**




**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
जनपदवासियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से सोमवार को जिला कार्यालय सभागार में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 76 शिकायतें, समस्याएं दर्ज की गईं, जिनमें से 34 समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों को समाधान के लिए संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया।जनसुनवाई के दौरान राजस्व, भूमि विवाद, नहर मरम्मत, अतिक्रमण, जलभराव तथा आवागमन मार्ग से संबंधित अनेक शिकायतें सामने आईं।
जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनसुनवाई में दर्ज सभी शिकायतों का समयबद्ध और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिकायतों के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिन मामलों में स्थलीय निरीक्षण आवश्यक है, उनमें अधिकारी आपसी समन्वय से मौके पर जाकर जांच कर समस्या का समाधान करें।

## शहीद विभूति नारायण ढौडियाल स्मृति में बनेगा "स्मृति द्वार"

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
शहर के वार्ड 10 डोभालवाला क्षेत्र के पार्षद मोहन बहुगुणा एवं बकरालवाला पार्षद अशोक डोबरियाल ने सोमवार को नगर निगम कार्यालय में मेयर सौरभ थपलियाल को पत्र सौंपा गया। पार्षदों ने मांग की कि राजपुर रोड विधानसभा के अंतर्गत नेशविला रोड मार्ग पर शहीद विभूति नारायण ढौडियाल की स्मृति में श्रद्धांजलि स्वरूप शहीद विभूति नारायण ढौडियाल स्मृति द्वारह्व का निर्माण किया जाए जनभावनाओं का सम्मान करते हुए महापौर सौरभ थपलियाल ने इस प्रस्ताव को तत्काल स्वीकृति प्रदान की।

# हरिद्वार में बड़ी धूमधाम से मनाया गया भाजपा का 47वां स्थापना दिवस

**शुभकामनाएं**

**कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर स्थापना दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दीं।**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस आज भाजपा जिला कार्यालय हरिद्वार में बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पार्टी का झंडा फहराया तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और भारत माता के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर स्थापना दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दीं।
इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष संदीप गोयल ने सभी कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को हुई थी। इससे पहले पार्टी को जनसंघ के नाम से जाना जाता था। आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है और देश के अनेक राज्यों में भाजपा तथा उसकी समर्थित पार्टियों की सरकार है।
उन्होंने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा लगातार तीसरी बार सरकार चला रही है। पार्टी को इस मुकाम तक पहुंचाने में लाखों कार्यकताओं की निस्वार्थ सेवा, त्याग और देशभक्ति का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। करोड़ों लोगों के पसीने और समर्पण से ही भारतीय जनता पार्टी का उदय संभव हुआ है।
संदीप गोयल ने कहा कि भाजपा एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है, जो भारत को मजबूत, समृद्ध और शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कार्यकताओं से प्रदेश और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।
कार्यक्रम में जिला महामंत्री संजीव चौधरी, हीरा सिंह बिष्ट, जिला उपाध्यक्ष लव शर्मा, आशु चौधरी, तरुण नैय्यर, निपेंद्र सिंह, रिशु चौहान, रितु ठाकुर, अरविंद कुशवाहा, नकली राम सैनी, धर्मेंद्र चौहान, लोकेश पाल, एजाज हसन, संजीव कुमार, मनोज शर्मा, उमेश पाठक, विशाल गर्ग, आशी शर्मा, विमला ढौंडियाल, डॉ. प्रदीप चौधरी, राजेश रस्तोगी, संदीप मेहता, राजीव भट्ट, भूप सिंह, रेनू शर्मा, संगीता, प्रताप प्रधान, रीता सैनी, विपिन शर्मा, राजवीर कलानिया, रंजीता चौहान, अंशु कुमार, सतीश कुमार, आशीष जैन, आशीष चौधरी, मनोज चौहान, पंकज बागड़ी सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**न्यूज फ्लैश**

## गैस आपूर्ति में कोताही राज्य के पर्यटन के लिए घातक: गोदियाल

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
आज कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उत्तराखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने राज्य में रसोई गैस आपूर्ति को लेकर उत्पन्न हो रही स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की।
उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से गैस की किल्लत व कालाबाजारी की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। यदि वास्तव में राज्य में गैस की कोई कमी नहीं है, तो सरकार को इस पर स्पष्ट स्थिति जनता के सामने रखनी चाहिए।
गणेश गोदियाल ने चार धाम यात्रा से जुड़े मुद्दों को उठाते हुए कहा कि बड़ी संख्या में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन निरस्त होने की खबरें बेहद चिंताजनक हैं। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, जिससे हजारों लोगों का रोजगार जुड़ा हुआ है।
उन्होंने कुमाऊँ मंडल में भी पर्यटन गतिविधियों पर पड़ रहे नकारात्मक प्रभाव का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि होटल व्यवसाय और अन्य पर्यटन से जुड़े कार्यों को समय पर गैस आपूर्ति नहीं मिलती है, तो इसका व्यापक असर पूरे राज्य के पर्यटन एवं धार्मिक पर्यटन पर पड़ेगा।
उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि वह इस गंभीर विषय पर तत्काल संज्ञान लेते हुए गैस आपूर्ति को सुचारु बनाए और कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई करे। साथ ही, उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित उत्तराखंड दौरे के दौरान उन्हें भी राज्य की जनता को यह भरोसा दिलाना चाहिए कि देश में घरेलू गैस एवं ईंधन की कोई कमी नहीं है और आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## क्लाउड किचन पहल से महिलाओं को मिलेगा रोजगार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद में महिला स्वयं सहायता समूहों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने क्लाउड किचन के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने की पहल शुरू की है। इसी क्रम में सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्रा ने सोमवार को ग्रामीण व्यवसाय इन्क्यूबेटर सेंटर में क्लाउड किचन के दूसरे चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया।
मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में महिलाओं को इस क्षेत्र में प्रशिक्षित किया जा रहा है। यह पहल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ उन्हें घर से ही व्यवसाय शुरू करने का अवसर प्रदान करेगी।
उन्होंने बताया कि हरिद्वार प्रदेश का पहला जनपद है, जहां जिला प्रशासन द्वारा महिला समूहों को क्लाउड किचन के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इससे महिलाएं अपनी रसोई से ही रोजगार सृजित कर सकेंगी और आय में वृद्धि कर पाएंगी।
मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जनपद में स्थित औद्योगिक क्षेत्रों और कंपनियों में कार्यरत कर्मचारियों को घर जैसा भोजन उपलब्ध नहीं हो पाता। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए यह प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, ताकि कामगारों को उनकी पसंद का गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने बताया कि पहले चरण में 25 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जिनके द्वारा ह्लगंगा रसोईह्व नाम से क्लाउड किचन का संचालन भी शुरू कर दिया गया है।
परियोजना निदेशक नलिनीत घिल्डियाल ने जानकारी दी कि प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम), एमएमयूवाईआई और रिप टीम के सहयोग से आरसेटी द्वारा आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को उद्यम पंजीकरण, बीएमसी एवं फूड लाइसेंस सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, साथ ही सीसीएल, सीआईएफ और वीओ के माध्यम से वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाएगी।
लीड बैंक अधिकारी दिनेश कुमार गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम पंजाब नेशनल बैंक की सीएसआर गतिविधियों के तहत आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर निदेशक आरसीटी शिव कुमार, जिला सूचना अधिकारी रती लाल शाह, परियोजना प्रबंधक रिप संजय सक्सेना, एमसेल्स अमित शर्मा, मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना से बीपीडीई राव आशकर, इंक्यूबेशन मैनेजर योगेन्द्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी, कर्मचारी एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाएं उपस्थित रहीं।

# दून पुलिस ने शुरू किया "ऑपरेशन नाईट स्ट्राइक"



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री के निर्देश पर अपराधियों के विरूद्ध सम्पूर्ण राज्य में ऑपरेशन प्रहार चलाया जा रहा है। इसके साथ ही पुलिस ने अब रात्रि में ऑपरेशन नाइट स्ट्राइक भी शुरू कर दिया है।
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमोद डोभाल ने अपने कार्यालय में मीडिया को बताया कि रविवार रात एसपी ऋषिकेश के नेतृत्व में पुलिस की अलग-अलग टीमों ने जनपद के नगर व देहात क्षेत्र में होटल, पब, बार व रेस्ट्रोरेंट आदि का औचक निरीक्षण करने के साथ ही सम्पूर्ण जनपद में सघन चौकिंग अभियान चलाया गया।
अभियान के दौरान औचक निरीक्षण में रायपुर क्षेत्र में एक रेस्टोरेंट, डेटिंग पाइण्ट के संचालक लोगों को बिना लाइसेंस के अवैध रूप से शराब परोसने का काम चलता मिला। प्रतिष्ठान संचालकों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही वहां मौके पर शराब पी रहे 18 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर थाने लाया गया, इसके अतिरिक्त जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीते 47 अन्य व्यक्तियों को पुलिस थाने लाई, जिनके विरुद्ध पुलिस एक्ट में कार्रवाई करते हुए उन्हें कड़ी चेतावनी दी गई।
\राजपुर क्षेत्र में देर रात्रि होटल बार रेस्टोरेन्ट की चेकिंग के दौरान इन्द्र बाबा तिराहे पर स्थित स्पॉट कैफे के संचालक के देर रात्रि तक अपने कैफे को खोलकर लोगों को हुक्का पिलाया जा रहा था, जिस पर कैफे संचालक के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत करते हुये उसे हिरासत में लिया गया व सम्बन्धित कैफे को बंद कराया गया। रात्रि चैकिंग के दौरान कोतवाली विकासनगर व डोईवाला क्षेत्र से पुलिस टीमों द्वारा अवैध रूप से सट्टे की खाईबाडी करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार करते हुए उनके पास से अवैध सट्टा सामग्री व नगदी बरामद की गई, जिनके विरूद्ध कोतवाली विकासनगर तथा डोईवाला पर जुआ अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।
इसके अतिरिक्त अलग-अलग थाना क्षेत्रों से मादक पदार्थों/अवैध शराब की तस्करी में लिप्त 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए अभियुक्तों के कब्जे से 14.72 ग्राम अवैध स्मैक तथा 227 टैट्रा पैक अवैध देसी शराब बरामद की

## बागजाला में विकास कार्यों को लेकर किसानों का धरना

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला कमेटी के बैनर तले ग्रामीणों ने तराई पूर्वी वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया।
प्रदर्शनकारियों ने बागजाला गांव में विकास कार्यों पर वन विभाग की ओर से लगाए जा रहे अवरोधों को हटाने और विभिन्न योजनाओं को स्वीकृति देने की मांग की।
धरने को संबोधित करते हुए महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनंद सिंह नेगी ने कहा कि गांव में जल जीवन मिशन, सड़क निर्माण, नहरों की मरम्मत और अन्य विकास योजनाएं बजट स्वीकृत होने के बावजूद वन विभाग की अनुमति के अभाव में लंबित हैं।

# टिहरी के मदननेगी में खुलेगा केन्द्रीय विद्यालय




**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद टिहरी गढ़वाल के मदननेगी में केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना को मंजूरी प्रदान किए जाने पर केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है।
केंद्रीय विद्यालय संगठन ने मदन नेगी, टिहरी गढ़वाल में नए केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना को मंजूरी प्रदान की है। यह विद्यालय सिविल सेक्टर के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 से ही प्रारंभ किया जाएगा।
मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय विद्यालय खुलने से मदननेगी एवं आसपास के क्षेत्र में नोनीहालों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। साथ ही स्थानीय स्तर पर शैक्षिक ढांचे को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा केंद्र एवं राज्य सरकार मिलकर युवाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे लाने एवं उनके भविष्य को संवारने के लिए संकल्पित है। नए केन्द्रीय विद्यालय का संचालन प्रारंभिक चरण में कक्षा 1 से 5 तक (प्रत्येक कक्षा में एक सेक्शन) किया जाएगा, जिसे आवश्यकता एवं स्वीकृति के अनुसार आगामी वर्षों में क्रमिक रूप से विस्तारित किया जाएगा।

# वाहन चोर गिरफ्तार, तीन मोटर साइकिल बरामद

**बड़ी सफलता**

**वाहन चोरी की पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हाथ लगी है**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत हरिद्वार पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना सिडकुल पुलिस ने वाहन चोरी के आरोपित को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की तीन मोटरसाइकिल बरामद की हैं। आरोपितों के खिलाफ थाना सिडकुल में अभियोग पंजीकृत किया गया है।
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी तथा वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने के लिए जिलेभर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना प्रभारी सिडकुल को आवश्यक निर्देश दिए गए, जिसके बाद थाना क्षेत्र में अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन कर अभियान चलाया गया।
गठित पुलिस टीम रात्रि चेकिंग के दौरान नवोदय नगर चौक के पास आने-जाने वाले वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल आती दिखाई दी। पुलिस द्वारा रुकने का इशारा करने पर मोटर साइकिल सवार पुलिस टीम को देखकर पीछे मुड़कर भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया।
पकड़े गए व्यक्ति ने पूछताछ में अपना नाम सुधांशु पुत्र परशुराम, निवासी ग्राम मुकरपुर गुर्जर थाना हीमपुर दीपा जिला बिजनौर (उत्तर प्रदेश) तथा वर्तमान में किरायेदार महादेवपुरम रावली महदूद थाना सिडकुल जनपद हरिद्वार बताया। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने दो अन्य मोटरसाइकिलें भी चोरी करना कबूल किया।
आरोपित की निशानदेही पर पुलिस ने आईटीआई कॉलेज से पुलिस लाइन तिराहा मार्ग के पास से चोरी की दो और मोटर साइकिल बरामद कर लीं।

# नशे की लत में बन गए वाहन चोर, चार आरोपित गिरफ्तार, मोटरसाइकिलें बरामद

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली रानीपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 04 वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 10 मोटर साइकिलें बरामद की हैं।
पुलिस के अनुसार गिरफ्तार चारों आरोपित नशे के आदी हैं और अपने नशे की पूर्ति व शौक पूरे करने के लिए वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे।
घटना का रानीपुर कोतवाली में खुलासे करते हुए एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने बताया कि



4 अप्रैल को उत्तराखण्ड पुलिस ऐप के माध्यम से अलग-अलग तिथियों में मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को लेकर ऑनलाइन ई-एफआईआर दर्ज कराई गई थीं। मुकेश पुत्र स्व. कलीराम निवासी ब्रह्मपुर, थाना सिडकुल ने मोटरसाइकिल संख्या यूपी 12एई -5890 के आईसी इलेक्ट्रॉनिक कंपनी क्षेत्र से चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। समीर पुत्र नवाब निवासी बंदर टोल, मंगलौर ने मोटरसाइकिल संख्या यूके 17 वी -9849 (स्प्लेंडर प्लस) चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। अरुण कुमार पुत्र रमेश निवासी जमालपुर खुर्द ने अपनी बुलेट मोटरसाइकिल संख्या यूके 07 बीबी -3906 चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। इन घटनाओं के खुलासे और वाहन चोरी की बढ़ती घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रभारी निरीक्षक रानीपुर के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने व्यापक अभियान चलाया।
पुलिस टीम ने डिजिटल साक्ष्यों, सुरागरसी-पतारसी और सघन चेकिंग अभियान के दौरान नहर पटरी स्थित श्मशान घाट के पास से 04 संदिग्धों को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से संबंधित अभियोगों की 03 मोटरसाइकिलें बरामद की गईं। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वे नशे के आदी हैं और नशे की पूर्ति के लिए मोटरसाइकिलें चोरी कर राह चलते लोगों और कबाड़ियों को औने-पौने दामों में बेच देते थे।
एसएसपी ने बताया कि आरोपितों की निशानदेही पर नहर किनारे झाड़ियों में छिपाकर रखी गई कुल 10 मोटर साइकिलें बरामद की गईं, जिनमें 03 मोटरसाइकिलें कोतवाली रानीपुर क्षेत्र से, एक-एक थाना सिडकुल, थाना फरीदाबाद, ई-पुलिस स्टेशन दिल्ली तथा 04 अन्य संदिग्ध चोरी की मोटरसाइकिलें शामिल हैं।
अन्य बरामद वाहनों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। पकड़े गए आरोपितों के नाम पते विपिन पुत्र राजवीर, निवासी ग्राम पुट्ठा, थाना खतौली, जनपद मुजफ्फरनगर (उ.प्र.), उम्र 22 वर्ष, गौरव पुत्र मांगेराम, निवासी ग्राम मोहम्मदपुर डोसनी, थाना लक्सर, जनपद हरिद्वार, उम्र 20 वर्ष, नितिन पुत्र धर्मराज, निवासी सुरजनगर, जनपद मुरादाबाद (उ.प्र.), उम्र 20 वर्ष व गौरव पुत्र सुरेश कुमार, निवासी गुरुकुल नारसन, थाना मंगलौर, जनपद हरिद्वार, उम्र 20 वर्ष बताए गए हैं। पुलिस ने सभी के खिलाफ विधिक कार्यवाही करते हुए उनका चालान कर दिया है।

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धि पत्र**

**निविदा संख्या**— 1RT-TELE-BAGSCANR, SNT-SigLC-Interlocking, SNT-RTSIG-PRI-GCT, 05-SNTRT1-Sig-SSDAC- MSDAC 01-TELE-Six-shed दिनांक- 02.04.2026
**विषयः**—मुरादाबाद मंडल के संकेत एवम् दूरसंचार के टेंडर की निविदा के सम्बन्ध में।
**सन्दर्भः**—(1) इस कार्यालय का टेंडर नोटिस संख्या 1RT-TELE-BAGSCANR, SNT-SigLC-Interlocking, SNT-RTSIG-PRI-GCT, 05-SNTRT1-Sig-SSDAC- MSDAC 01-TELE-Six-shed dated 02.04.2026
उक्त सन्दर्भ में मुरादाबाद मंडल की एस0 एंड टी० शाखा के निम्न कार्य के लिए निविदा अग्रिम धन में बदलाव किया गया

| सं0 | निविदा संख्या और कार्य का विवरण | निविदा प्रस्तुत करने की पुरानी अग्रिम धन रुपये | नयी तिथि निविदा प्रस्तुत करने का संशोधित अग्रिम धन |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 |
| 1 | SNT-RTSIG-PRI-GCT-2024-25 पथरी कॉमन यूजर ट्रैफिक फेसिलिटि एट पथरी इन सी / डब्लू कानकार जीसीटी | 263400.00 | 453500.00 |
| 2 | 05-SNTRT1-Sig-SSDAC-MSDAC प्रोविजन ऑफ SSDAC/MSDAC इन लिएउ ऑफ ओवरएज्ड यूनिवर्सल एक्सल काउंटरस इन चंदौसी–बरेली सेक्शन ऑफ मुरादाबाद डिवीजन | 222800.00 | 291100.00 |

नोटः— बाकी अन्य शर्तों में कोई बदलाव नहीं है। 1134/2026

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# इसरो ने वैश्विक स्तर पर बढ़ाया है भारत का मानः अशोक कुमार सिंह

मार्गदर्शन

इसरो वैज्ञानिक अशोक कुमार सिंह ने इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
स्पेस एप्लीकेशन सेंटर,इसरो, अहमदाबाद के डिविजनल हेड अशोक कुमार सिंह ने कहा कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अपने अंतरिक्ष कार्यक्रमों के माध्यम से पूरी दुनिया में देश का मान बढ़ाया है। विज्ञान के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा देश वैश्विक पटल पर आकर्षण का केंद्र बन गया है। पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में इसरो लगातार अपने अंतरिक्ष कार्यक्रमों को तेजी से आगे बढ़ा रहा है। इसरो के वैज्ञानिक अशोक कुमार सिंह पूर्ण मूर्ति विद्यापीठ,कामी रोड में आयोजित वर्कशाप में एयरोस्पेस इंजीनियरिंग, एरोनॉटिकल इंजीनियरिंग व एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस इंजीनियरिंग के छात्रों को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने बतौर मुख्य अतिथि पूर्ण मूर्ति विद्यापीठ के चेयरमैन डा.विजयपाल नैन, सचिव गौतम नैन, कोषाध्यक्ष भोपाल सिंह, प्रबंध निदेशक कपिल भाटिया, एमडी इंजी.संघदीप शाक्य, डायरेक्टर एकेडेमिक्स डा.स्वीटी, कैंपस डायरेक्टर कुलदीप व रजिस्ट्रार कंवलजीत सिंह संधू के साथ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर चेयरमैन डा.विजयपाल नैन व प्रबंध निदेशक कपिल भाटिया ने वैज्ञानिक अशोक कुमार सिंह को पुष्पगुच्छ, शॉल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।




अशोक कुमार सिंह ने कहा कि इसरो ने देश को वैश्विक अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में एक प्रमुख शक्ति के रूप में स्थापित कर दिया है। 1975 में भारत के पहले उपग्रह आर्यभट्ट के ऐतिहासिक प्रक्षेपण से लेकर अब तक इसरो ने कई उपलब्धियां हासिल की है।14 जुलाई 2023 को लांच किया गया चंद्रयान-3 भारत के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि साबित हुआ, क्योंकि यह चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास सफलतापूर्वक उतरा। चंद्रयान-3 ने भारत को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला पहला देश बनाया और चंद्रमा की मिट्टी और पर्यावरण के बारे में वैज्ञानिक ज्ञान को आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि चंद्रयान-3 के बाद के चंद्र मिशनों पर भी काम जारी है। उन्होंने बताया कि गगनयान भारत की पहली स्वदेशी मानव अंतरिक्ष उड़ान पहल है। इसका उद्देश्य भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की निचली कक्षा (एलईओ) में भेजना है। उन्होंने कहा कि गगनयान मिशन के तहत भारतीय अंतरिक्ष यात्री प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि वे पूरी व लगन से पढाई करें। एयरोस्पेस इंजीनियरिंग, एरोनॉटिकल इंजीनियरिंग व एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल करने वाले युवाओं की डिमांड इन दिनों तेजी से बढ़ रही है। डिग्री पूरी करने के बाद छात्र-छात्राएं भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) से भी जुड़ कर अपने करियर को नया आयाम दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि एविएशन सेक्टर में रोजगार के नए अवसर लगातार बढ़ रहे हैं । यात्रियों, विमानों और हवाई अड्डों के मामले में देश का विमानन क्षेत्र लगातार आगे बढ़ रहा है।

# अंकित सिंगल के नेतृत्व में मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस

नारेबाजी

कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर पार्टी ध्वज फहराया और राष्ट्रसेवा के संकल्प को पुनः सुदृढ़ किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**रतिया,6 अप्रैलः**
**(एडवोकेट गुरप्रीत सिंह मंडेर)**
भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस ग्राम रत्ताखेड़ा में भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकित सिंगल के नेतृत्व में बूथ स्तर पर आयोजित कार्यक्रम के रूप में मनाया गया। इस दौरान कार्यकताओं ने घर-घर जाकर पार्टी ध्वज फहराया और राष्ट्रसेवा के संकल्प को पुनः सुदृढ़ किया।
कार्यक्रम में ग्राम के वरिष्ठ एवं कर्मठ कार्यकताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। ध्वजारोहण के माध्यम से संगठन की मजबूती का संकल्प लिया गया तथा पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया।
कार्यक्रम के पश्चात भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकित सिंगल ने कार्यकताओं की बैठक ली, जिसमें आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में 7 से 12 अप्रैल तक ह्लगांव चलो, बस्ती चलो अभियानह्व, 13 अप्रैल को स्वच्छता अभियान, 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती, 15 से 20 अप्रैल तक विचार प्रसार अभियान तथा 15 अप्रैल से 15 मई तक महाप्रशिक्षण अभियान के बारे में जानकारी दी गई।
अंकित सिंगल ने कहा कि भाजपा की 47 वर्षों की गौरवशाली यात्रा कार्यकताओं के समर्पण, अनुशासन और संगठन के प्रति अटूट निष्ठा का परिणाम है। यही कारण है कि आज भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बन चुकी है।उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को घर-घर तक पहुंचाएं और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं।
अंत में सभी समर्पित कार्यकताओं को स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं।

# जेसीपीएल सीजन-7 की ऑफिशियल जर्सी और ट्रॉफी हुई लॉंच

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** इस वर्ष होने जा रहे चार दिवसीय जैन क्रिकेट प्रीमियर लीग सीजन-7 की जर्सी और ट्रॉफी लॉंच के कार्यक्रम का आयोजन रॉयल सेरीना में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ नवकार मंत्र के सामूहिक उच्चारण के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्यसहयोगी जीतो की प्रबंधक समिति का स्वागत श्री मणिभद्र वीर यंग सोसायटी के सदस्यों द्वारा किया गया।श्री अरुण जैन जी के साथ उनकी प्रबंधक समिति ने दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। इस कार्यक्रम के इस वर्ष होने जा रहे जेसीपीएल सीजन-7 के सभी स्पॉन्सर उपस्तिथ रहे। सोसायटी के प्रधान भविक जैन जी ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री माणीभद्र वीर यंग सोसायटी अंबाला की पहली ऐसी संस्था है




जिसने अंबाला में डेनाइट टूनामेंट करवाकर अपना नाम इतिहास में दर्ज करवाया है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को एक मंच पर लाना और आपसी भाईचारा बढ़ाना है। सचिव नवयम जैन ने टूनामेंट की जानकारी देते हुए बताया कि इस सीजन में 8 टीम और 104 खिलाड़ी भाग ले रहे है। यह खेल 10 अप्रैल से 14 अप्रैल तक पी.के.आर. जैन वाटिका में खिलाया जाएगा। समाजसेवी अनुभव अग्रवाल जी ने सोसायटी द्वारा करवाए जा रहे इस आयोजन की प्रशंसा की। श्री अरुण जैन जी ने कहा कि सोसायटी द्वारा युवाओं का खेल के माध्यम से एक मंच पर लेकर आना सराहनीय कदम है। साथ ही जीतो टीम की प्रबंधक समिति का सम्मान सोसायटी की प्रबंधक समिति द्वारा किया गया। कार्यक्रम में 8 टीम नॉवल्टी टाइटन, दी हसलर्स, ओपक गंगा दी चैम्पियंस, कुबेर किंग्स , तनिष्क वॉर्यर, शाही डीफएन्डर, जीतो दी गेम चैन्जर के कप्तान और स्पान्सर ने 13-13 प्लेयर उपस्थित रहे। सभी स्पॉन्सर्स का सम्मान सोसायटी के सदस्यों द्वारा किया गया।

# फैक्टरी से चोरी की वारदात को अंजाम देने वाला आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला पुलिस की सीआईए-1 टीम ने फैक्टरी से चोरी के मामले में सख्त कार्रवाई करते हुए आरोपी सुरेश कुमार पुत्र रिशाल सिंह निवासी गांव करसा डोड, करनाल को काबू किया है। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 2 बैटरी, एक सोलर इन्वर्टर, 10 टुल्लू पंप, 9 डब्बे स्मॉल स्ट्रीट लाइट व 6 डब्बे बड़ी स्ट्रीट लाइट बरामद की गई हैं। अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता राकेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उनकी फैक्टरी आरएस इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड नेशनल हाईवे-44 पर स्थित है, जहां आरोपी सुरेश कुमार कार्य करता था। शिकायत के अनुसार 25-26 फरवरी की रात को आरोपी द्वारा फैक्टरी से सोलर प्लांट की बैटरी, इनवर्टर, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, कैमरे व टुल्लू पंप सहित अन्य सामान चोरी कर लिया गया था।

# पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत बैठक आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** सिविल सर्जन डॉ. पूनम चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को सिविल सर्जन कार्यालय में कन्या भ्रूण हत्या को रोकने और बेटी बचाओ बेटी कार्यक्रम को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण तकनीक अधिनियम के तहत जिला समुचित प्राधिकारी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. पूनम चौधरी द्वारा कमेटी के सभी सदस्यों की उपस्थिति में पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के अन्तर्गत विभिन्न अस्पतालों व अल्ट्रासाउंड केंद्रों के क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई।
बैठक में उप सिविल सर्जन (परिवार नियोजन) डा. शीनू चौधरी ने बताया कि जिला में पिछले महीने में लिंग अनुपात 984 है। पिछले तीन महीनों के दौरान जिला में 78 अल्ट्रासाउंड केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। अनियमितता पाए जाने पर इस महीने दो मशीनों को सील भी किया गया।
इस अवसर पर डिप्टी सिविल सर्जन एवं पीएनडीटी नोडल अधिकारी डॉ. शीनू चौधरी, एसएमओ डॉ. अंजू, एडीए डॉ. पंकज, एडीए विजय कौशिक तथा डब्ल्यूसीडीपीओ नीलोखेड़ी संतोष उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### नशा मुक्त भारत अभियानः इंदरगढ़ में पुलिस का घर-घर अभियान, युवाओं को दिया जागरूकता का संदेश



**इंद्री 6 अप्रैल**
**(मैनपाल कश्यप**
)नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिला पुलिस करनाल द्वारा नशे के खिलाफ लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत सहायक उप निरीक्षक विजय कुमार के नेतृत्व में नशा मुक्ति टीम ने थाना इंद्री क्षेत्र के गांव इंदरगढ़ में डोर-टू-डोर जाकर लोगों को जागरूक किया। पुलिस टीम ने घर-घर जाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया और उन्हें नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। टीम ने बताया कि नशा व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जीवन को बुरी तरह प्रभावित करता है और इससे परिवार व समाज दोनों को नुकसान उठाना पड़ता है। अभियान के दौरान विशेष रूप से युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस ने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा, खेलकूद और अन्य सकारात्मक गतिविधियों में भाग लेकर अपने भविष्य को उज्जवल बनाएं। सहायक उप निरीक्षक विजय कुमार ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी क्षेत्र में नशा करने या बेचने से संबंधित कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे, तो तुरंत संबंधित थाना या डायल 112 पर सूचना दें। उन्होंने आश्वासन दिया कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। पुलिस के इस अभियान को ग्रामीणों का सकारात्मक सहयोग मिला और लोगों ने नशा मुक्त समाज बनाने में अपना योगदान देने का संकल्प भी लिया।

### सरसों की एमएसपी पर तुरंत सरकारी खरीद शुरू करने की मांग



**तोशाम, वंदना शर्मा**
**तोशाम** -आज नई अनाज मंडी तोशाम में ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन का प्रतिनिधिमंडल मार्केट कमेटी सचिव से मिला और सरसों की एमएसपी पर तुरंत सरकारी खरीद शुरू करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा सरकार के कृषि मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि मंडी में तुरंत एमएसपी पर खरीद चालू की जाए तथा गेट पास के नाम पर लगाई गई नाजायज शर्तें तुरंत रद्द की जाएं।
जिला प्रधान रोहतास सिंह सैनी ने बताया कि बेमौसमी वर्षा और ओलावृष्टि से किसानों की फसल को भारी नुकसान हुआ है, जिससे किसान पहले ही घाटे में हैं। ऊपर से मंडी में सरसों की सरकारी खरीद शुरू न होने के कारण किसानों को मजबूरी में अपनी उपज निजी व्यापारियों को कम दाम पर बेचनी पड़ रही है। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति और खराब हो रही है।
उन्होंने कहा कि गेट पास के नाम पर लगाई गई शर्तों से किसान परेशान हैं। साथ ही सरसों की क्वालिटी जांच के लिए प्राइवेट लैब की प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए गए और लैब टेस्टिंग का नियम रद्द करने की मांग की गई। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि जल्द मांगें नहीं मानी गईं तो किसान बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।
प्रतिनिधिमंडल में जिला सचिव एडवोकेट बस्तीराम, महेंद्र सिंह कटारिया, फूलचंद सैनी, रामकुमार कटारिया, नरसिंह स्योराण और इंदर सिंह फौजी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# जनगणना 2027 की तैयारियां तेज, तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हरियाणा राज्य में जनगणना 2027 को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी कड़ी में जिला में जनगणना विभाग द्वारा तीन दिवसीय प्रगणकों व सुपरवाइजरों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का सोमवार को शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला की सभी तहसीलों व नगरपालिकाओं में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 23 बैचों में 1035 प्रगणकों व सुपरवाइजरों ने प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान फील्ड ट्रेनर द्वारा जनगणना 2027 के निर्धारित मानकों के अनुरूप विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसमें मकान सूचीकरण, परिवार विवरण, डिजिटल डेटा संकलन, मोबाइल एप के उपयोग तथा फील्ड में आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों से निपटने के तरीकों की जानकारी दी जा रही है।बता दें कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 01 मई 2026 से 30 मई 2026 तक 30 दिनों की अवधि में किया जाएगा। इससे पूर्व 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक नागरिकों को ष्जनगणना पोर्टलष के माध्यम से ऑनलाइन स्व-गणना की सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाएगी

# समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटान

समाधान शिविर

4906 शिकायतें प्राप्त हुई है, जिनमें से 4347 शिकायतों का निपटारा कर दिया गया है,

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** नगराधीश अभिषेक गर्ग ने कहा कि उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में जिलास्तर पर आयोजित समाधान शिविर में जो भी शिकायतें प्राप्त हो रही है उनका प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जा रहा हैं। समाधान शिविर में अभी तक 4906 शिकायतें प्राप्त हुई है, जिनमें से 4347 शिकायतों का निपटारा कर दिया गया है, जबकि 368 शिकायतें रिजेक्ट हुई हैं। यहां पर आयोजित समाधान शिविर में 6 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिन्हें सम्बधिंत विभागों को मार्क करते हुए उनका निपटान करने के निर्देश दिए गए हैं।नगराधीश अभिषेक गर्ग ने इस मौके पर यह भी बताया कि उपायुक्त के स्पष्ट निर्देश है कि समाधान शिविर के अलावा यदि कोई व्यक्ति किसी विभाग में अपनी समस्या लेकर जाता है तो वह उस समस्या एवं शिकायत का भी प्राथमिकता के आधार पर निपटान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी बताया कि समाधान शिविर लोगों के लिए बेहद लाभदायक भी सिद्ध हो रहे है। कोई भी व्यक्ति यहां पर आकर या उपमंडल स्तर पर आकर अपनी समस्याएं व शिकायत रख सकते हैं। सप्ताह के प्रत्येक सोमवार व वीरवार को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक जिला स्तर पर और उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किए जाते हैं।
जिला स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में आज गांव डूलियाना से आए व्यक्ति ने परिवार पहचान पत्र में अशुद्धि ठीक करवाने बारे, बलदेव नगर निवासी शिवा ने भी उसकी फैमिली आई में किसी अन्य व्यक्ति का नाम गलती से दर्ज होने बारे तथा उसे हटवाने बारे, अम्बाला शहर निवासी नीलम कुमारी ने राशन कार्ड कटने से सम्बधिंत समस्या बारे, पटेल रोड अम्बाला शहर निवासी सुनीता रानी ने सिलाई मशीन उपलब्ध करवाने बारे, गांव बिचपड़ी निवासी हरमेश ने ठगी से सम्बधिंत शिकायत बारे, अम्बाला शहर निवासी यशपाल ने अपनी फैमिली आई में अपनी आय को ठीक करवाने बारे, सैक्टर 7 से आए अमरनाथ ने राशन कार्ड कटने बारे, गांव भेंडसा निवासी नीलम ने फैमिली आईडी में आय ठीक करवाने बारे, मोची मंडी अम्बाला छावनी की राधा रानी ने राशन कार्ड कटने की समस्या बारे, नसीरपुर निवासी प्रीति ने विधवा पेंशन लगवाने बारे तथा अन्य यहां पहुंचे लोगों ने लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए अपनी समस्याओं एवं शिकायतों रखी।
नगराधीश अभिषेक गर्ग ने यह भी बताया कि जहां पर प्रत्येक सोमवार व वीरवार को समाधान शिविरों में शिकायतें प्राप्त की जाती है वहीं प्रत्येक शुक्रवार को चण्डीगढ़ से वीसी के माध्यम से समाधान शिविरों की शिकायतों के निपटान बारे समीक्षा करके जानकारी भी ली जाती हैं।




# डीसी ने शहजादपुर व नारायणगढ़ अनाज मंडियों का दौरा कर व्यवस्थाएं जांची

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने शहजादपुर तथा नारायणगढ़ अनाज मंडियों का दौरा कर गेहूं व सरसों खरीद की व्यवस्थाओं एवं प्रबंधों का विस्तृत जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मार्केट कमेटी और खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने देने के स्पष्ट निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने मण्डी के आढतियों एवं किसानों से बातचीत की और उनकी समस्या के समाधान के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिये।उपायुक्त ने मंडी गेट पर बनाए गए किसान सहायता केंद्र और ऑनलाइन गेट पास प्रणाली का निरीक्षण किया तथा मार्केट कमेटी सचिवों को निर्देश दिए कि पीक सीजन को देखते हुए पर्याप्त मशीनें और कर्मचारी तैनात किए जाएं, ताकि किसानों को गेट पास लेने में कोई दिक्कत न आए। उन्होंने बिजली, पानी, सफाई, पेयजल, तौल, फसल सत्यापन और बायोमेट्रिक प्रणाली सहित सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि सरकार द्वारा 1 अप्रैल से गेहूं की सरकारी खरीद शुरू की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि गेहूं की खरीद 2585 रुपये प्रति क्विंटल तथा सरसों की खरीद 6200 रुपये प्रति क्विंटल एमएसपी निर्धारित किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में बिजली, पानी, सफाई, तौल, उठान और भुगतान से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध और सुचारु रूप से सुनिश्चित की जाएं।
उन्होंने नारायणगढ़ मंडी में अटल श्रमिक किसान कैंटीन का निरीक्षण करते हुए कहा कि अटल कैंटीन के लिए एलपीजी गैस प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध करवाई जाएगी। अटल कैंटीन में 10 रुपए में भोजन किसानों एवं श्रमिकों को उपलब्ध करवाया जाता है।
आढ़तियों के अनुरोध पर उन्होंने मार्केट कमेटी चेयरमैन और सचिवों को लिफ्टिंग कार्य समय पर हो, इसके लिए ट्रांसपोर्टर के ट्रकों की फिजिकल वेरिफिकेशन करने के निर्देश भी दिए।
इस अवसर पर एसडीएम शिवजीत भारती ने बताया कि मंडियों में किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन लगातार निगरानी कर रहा है। खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी और सुचारु बनाए रखने के लिए सभी विभागों के साथ समन्वय स्थापित किया गया है।

# एसडीएम डॉ. रमन गुप्ता ने सुनी समस्याएं, अधिकारियों को जल्द समाधान के दिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**इन्द्री, 06 अप्रैल(मैनपाल कश्यप**
) एसडीएम डॉ. रमन गुप्ता ने वीरवार को अपने कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को लंबित शिकायतों का तय समय में समाधान करने के भी निर्देश दिए। समाधान शिविर में पटहेड़ा निवासी राम निवास आय प्रमाण पत्र तथा उमरपुर निवासी बलकार सिंह किसान सम्मान निधि योजना से सम्बन्धित शिकायत लेकर पहुंचे। एसडीएम ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार व उपायुक्त उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार और वीरवार को प्रातः10 से 12 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। समाधान शिविर में बिजली, पानी, परिवार पहचान पत्र, बुढ़ापा पेंशन एवं अन्य संबंधित शिकायतों की मौके पर सुनवाई कर उनका समाधान किया जा रहा है। एसडीएम ने कहा कि इच्छुक नागरिक दोनों दिन एसडीएम कार्यालय में सुबह 10 से 12 बजे तक इस समाधान शिविर में पहुंचकर समस्याओं का समाधान करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य सरकारी सेवाओं से जुड़ी बाधाओं को दूर करना और जनता की शिकायतों का मौके पर ही निपटान करना है। एसडीएम ने उपमंडल के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे समस्या के समाधान के लिए निर्धारित दिनों में शिविर में पहुंचकर समस्याओं का समाधान करवाएं। इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



न्यूज फ्लैश

## शाहपुर में जल्द स्थापित होगा ड्राइविंग ट्रेनिंग एवं रिसर्च संस्थान-विज



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बडी पार्टी है। ये पार्टी सिद्धांतों से चलती है और इस पार्टी के मुख्य सिद्धांत अंतोदय, सामाजिक समरसता, राष्ट्रवाद व सांस्कृतिक राष्ट्रवाद तथा आर्थिक विकास इत्यादि है। उन्होंने कहा कि हम वैचारिक पार्टी है तथा बाकी पार्टियों की तरह भेडों का झुण्ड नहीं है। उन्होंने बताया कि हाल ही में अंबाला छावनी में हमने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं हेतू शिविर का आयोजन किया था और वहां पर कार्यकताओं को 24 घंटे के लिए रखा गया। श्री विज ने बताया कि इस शिविर में कार्यकताओं को पार्टी के सिद्धांत, कार्य पद्धति, विचारधारा, संगठनात्मक विषयों पर बताया गया और चर्चा की गई। मीडिया कर्मियों से बातचीत के दौरान विज ने भारतीय जनता पार्टी के गठन के संबंध में उल्लेख करते हुए बताया कि वर्ष 1951 में जनसंघ राजनीतिक पार्टी की स्थापना हुई थी। इस पार्टी को श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने लंबे समय तक संचालित किया।

विज ने कांग्रेस पार्टी के कार्यकलापों को कटघरे में खडा करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने जब देश में आपातकाल लागू किया था, तब इंदिरा गांधी द्वारा बिना कसूर के देश के कई नेताओं को उठा-उठाकर जेलों में डाल दिया गया था, इस कदम की वजह से जनता का रोष इंदिरा गांधी के खिलाफ बढा तो उन्होंने आपातकाल समाप्त करके चुनाव की घोषणा करवा दी। अंबाला छावनी के शाहपुर में ड्राइविंग ट्रेनिंग एवं रिसर्च संस्थान और आटोमेटेड व्हीकल टेस्टिंग स्टेशन की स्थापना के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में श्री विज ने कहा कि ड्राइविंग लाईसेंस बनाने के लिए ड्राइंविंग का सर्टिफिकेट होना जरूरी है और इसके लिए लोगों को दूर-दूर जाना पडता था इसलिए हमने अंबाला कैण्ट में ही ड्राइविंग स्कूल बनाने की मंजूरी दे दी है। इसकी स्थापना के लिए राशि मंजूरी कर दी गई है और प्रशासनिक स्वीकृति भी मिल गई है। इस पर आगामी कार्यवाही आरंभ की जाने वाली है और शीघ्र ही अंबाला के लोगों को ड्राइंविंग सर्टिफिकेट लेने के लिए दूर नहीं जाना होगा।

# गीता कमल में भाजपा के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

### कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए

भविष्य की दिशा

संगठन की उपलब्धियों और भविष्य की दिशा पर विस्तार से प्रकाश डाला



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरूक्षेत्र :** भारतीय जनता पार्टी के 47 वें स्थापना दिवस के अवसर पर आज पार्टी के जिला कार्यालय गीता कमल में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए। इस मौके पर हरियाणा राज्य बाल कल्याण की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की उपलब्धियों और भविष्य की दिशा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पार्टी कार्यकताओं के साथ स्थापना दिवस मनाना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि पार्टी की ताकत उसके समर्पित कार्यकताओं में निहित है। उन्होंने कहा कि भाजपा का स्थापना दिवस केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि संकल्प का दिन है, जब कार्यकर्ता पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाने का प्रण लेते हैं। उन्होंने पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि भाजपा की आज की मजबूत स्थिति लाखों कार्यकताओं के समर्पण और त्याग का परिणाम है। उन्होंने बताया कि वर्ष 1980 में पार्टी की स्थापना हुई, लेकिन इसकी वैचारिक जड़ें भारतीय जनसंघ से जुड़ी हैं, जिसने राष्ट्रवाद की भावना को मजबूती दी। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने 6 अप्रैल को भारतीय राजनीति के लिए ऐतिहासिक दिवस बताया। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों और अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व ने पार्टी की मजबूत नींव रखी, जिसके चलते आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन सकी है। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने भी अपने विचार रखे। भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेंद्र सिंह ने बताया कि पार्टी लगातार नए आयाम स्थापित कर रही है और हाल ही में कार्यकताओं के प्रशिक्षण के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य कार्यकताओं में वैचारिक प्रतिबद्धता बढ़ाना और उनकी कार्यशैली को और प्रभावी बनाना है।

कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकताओं ने विकसित भारत के संकल्प को दोहराया और पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने का प्रण लिया। इस दौरान सभी ने एक-दूसरे को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं भी दीं। चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, चेयरमैन धर्मवीर डागर ,पूर्व जिला अध्यक्ष राज कुमार सैनी ,पूर्व जिला अध्यक्ष सुशील राणा ,जिला परिषद चेयरमैन कंवलजीत कौर, जय सिंह पाल,उपाध्यक्ष अनु मल्याण, मुख्यमंत्री मीडिया प्रभारी तुषार सैनी ,कार्यक्रम के संयोजक ललित माटा, सोमपाल राणा , राजदीप कौर , देवी दयाल शर्मा,जिला महामंत्री अर्जुन त्यागी रमेश सैनी,परमजीत कश्यप , रेणु खुग्गर, राजकुमार बेदी,सभी मंडल अध्यक्ष ,जिला पदाधिकारी सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पूजा का संकल्प गौ माता की सेवा से ही सम्पन्न होता है : महंत राजेंद्र



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जग ज्योति दरबार में सोमवार को आयोजित हवन यज्ञ एवं अनुष्ठान के अवसर पर महंत राजेंद्र पुरी ने कहा है कि सभी सनातन को मानने वाले लोगों को भगवान श्री कृष्ण की प्रिय गौ माता की रक्षा का संकल्प करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी के जीवन में संस्कारों एवं संस्कृति में गौ सेवा का बहुत महत्व है। हमारे पूर्वजों ने भी अपने भोजन से पूर्व गौ माता के लिए रोटी निकालने की प्रेरणा दी है। महंत राजेंद्र पुरी ने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति की आधारशिला गौ-माता ही है। पौराणिक महत्व बताते हुए कहा कि हमारी संस्कृति का मूल आधार गंगा, गीता, गौ-माता, गोवर्धन और गोविंद हैं। इन पांचों के साथ हमारे जीवन का व हमारी संस्कृति का मूल मंत्र जुड़ा हुआ है, इसलिए हम सब अपने जीवन में मां गंगा, गौ माता व गीता को महत्व देते हुए उनकी पूजा करते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी बड़ी से बड़ी पूजा का संकल्प गौ माता की सेवा के बिना पूर्ण नहीं होता है। महंत राजेंद्र पुरी कहा कि जग ज्योति दरबार कभी गौ माता पर अत्याचार सहन नहीं करेगा। दरबार के सभी सेवक अपने सभी श्रद्धालुओं को जीवन में गौ सेवा को अपनाने की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर सुशील अरोड़ा, श्याम अरोड़ा, हरदयाल सिंह, देवराज अनेजा, नीलम अनेजा, विशाल मुखीजा, राजू मुखीजा, सपना अरोड़ा, मंजू शर्मा, कल्याणी, हरप्रीत सिंह, ईश्वर सिंह, विजय राठी, अजय राठी, अक्षय राठी एवं मनप्रीत सिंह इत्यादि भी मौजूद रहे।

## गुरुग्रामः वैल्डिंग की चिंगारी ने फूंक दिए फर्नीचर के चार गोदाम

**गुरुग्राम।** यहां सेक्टर-89 में एक फर्नीचर के गोदाम में आग से लाखों का नुकसान हो गया। आग ज्यादा फैलने के कारण साथ में बने तेल पंप को भी बंद करना पड़ा। बताया जा रहा है कि यह आग वेल्डिंग की चिंगारी से लगी थी। दमकल विभाग की सात गाडियों से आग पर काबू पाया गया।

जानकारी के अनुसार सेक्टर-89 में चार फर्नीचर के गोदाम थे। इन गोदामों में नया व पुराना फर्नीचर रखा हुआ था। गोदामों को उत्तर प्रदेश निवासी जैद खान, जावेद, नौशाद, शाद, जाहिर, जुबेर, असगर खान व शमशेर खान चलाते हैं। सोमवार को यहां अचानक धुआं उठता नजर आया। कुछ ही देर में वहां पर आग तेजी से फैल गई। एक के बाद एक चारों गोदाम आग की चपेट में आ गए। आग की सूचना पर दमकल विभाग से गाडि ?ां लेकर कर्मचारी पहुंचे और आग बुझानी शुरू की। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच चुकी थी। कई किलोमीटर दूर से ही इन गोदामों में लगी आग व काला धुआं नजर आ रहा था। इस दौरान सडक पर जाम भी लग गया। ऐहतियात के तौर पर वाहनों को आगे नहीं जाने दिया गया। बता दें कि इन गोदामों के पास ही नायरा कंपनी का तेल एवं सीएनजी पंप भी है।

## महिला आयोग की अध्यक्ष ने 36 अलग-अलग मामलों की सुनवाई की

### सभी मामलों में पुलिस को जांच में तेजी लाकर पीडितों को समय पर न्याय दिलवाने के दिए निर्देश




**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला/मैनपाल**

हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया ने लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित बैठक में आज 36 अलग-अलग मामलों की सुनवाई की। इन मामलों में दहेज, घरेलू हिंसा, दुर्व्यवहार, मानसिक उत्पीडन, ससुराल वालों द्वारा प्रताडना, कार्यस्थल पर उत्पीडन व अन्य मामलों पर सुनवाई शामिल हैं। बैठक में रेनू भाटिया ने पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए कि दोनो पक्षों को व्यक्तिगत रूप से आयोग के समक्ष प्रस्तुत करें ताकि दोनो पक्षों की बातें सुनकर पीडितों को जल्द से जल्द न्याय दिलवाया जा सके।

उन्होने घेरलू हिसां के एक मामले की सुनवाई करते हुए पुलिस प्रशासन को पति के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। दहेज मांगने से संबंधित एक अन्य मामले में महिला आयोग की अध्यक्ष ने पुलिस कारवाई में तेजी लाने के निर्देश दिए और एक महीने में दोषी को आयोग के सामने प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उत्पीडन के एक अन्य मामले में पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले में दोनो पक्षों से बातचीत के माध्यम से समझौता करवा दिया गया है। श्रीमती रेनू भाटिया ने प्रार्थी से टेलिफोन के माध्यम से बात कर समझौते की पुष्टि की।

हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया ने बताया कि आयोग न केवल महिलाओं से संबंधित मुद्दों का अध्ययन करता है, बल्कि उनकी कानूनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भी कार्य करता है। आयोग महिलाओं के अधिकारों के उल्लंघन से जुड़े मामलों की जांच करता है, संवैधानिक और कानूनी उल्लंघनों का समाधान करता है तथा महिलाओं को उनके परिवार और समुदाय में आने वाली समस्याओं से राहत दिलाने का प्रयास करता है। आयोग महिलाओं को प्रभावित करने वाले मुद्दों का स्वतः संज्ञान भी लेता है और यह सुनिश्चित करता है कि उनके साथ उत्पीड़न या भेदभाव न हो।

## यात्रा निकालकर 145 बूथ के कार्यकर्ताओं ने स्थापना दिवस मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** थानेसर विधानसभा के बूथ क्रमांक 145 की कार्य समिति ने भारतीय जनता पार्टी का 47 वां स्थापना दिवस बहुत ही उत्साह पूर्वक एवं हर्षोल्लास से मनाया। इस अवसर पर बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक एवं बूथ के पन्ना प्रमुख डॉ ऋषिपाल मथाना ने बताया कि बूथ की कार्य समिति के कार्यकर्ताओं ने अपने बूथ के क्षेत्र सेक्टर 8 व लोटस ग्रीन सिटी में



मोटरसाइकिल यात्रा निकालते हुए सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और सेक्टर 8 के हाउसिंग बोर्ड में पैदल यात्रा निकालते हुए सभी सेक्टर वासियों से विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी के 47 वें स्थापना दिवस के साथ-साथ पार्टी से जुड़ने का निवेदन भी किया । डॉ मथाना ने बताया कि बूथ के कार्यकर्ताओं ने सभी से निवेदन किया है कि पार्टी का भारत को 2047 तक विश्व गुरु बनाने का लक्ष्य है,

शुभकामनाएं

कार्यकर्ताओं ने सभी से निवेदन किया है कि पार्टी का भारत को 2047 तक विश्व गुरु बनाने का लक्ष्य है

इस पवित्र यज्ञ में आप सभी अपनी आहुति डाले और इस पुण्य कार्य के भागी बने आज शाम को बूथ के कार्यकर्ता बूथ कार्यालय पर दीप जगा कर इस उत्सव को और भी ज्यादा प्रेरणादायक बनाएंगे। इस अवसर पर भूत 145 की समिति के कार्यकर्ता बी एल अरोड़ा, रामफल सहारण, पुरुषोत्तम शर्मा, सुशील चित्रा, विनोद शर्मा, हरिदत्त शर्मा, नरेंद्र चौधरी, जयप्रकाश शास्त्री, जोगिंदर सिंह, सुनील वशिष्ठ, सूरज प्रकाश भारद्वाज, कमलकांत शर्मा, अंग्रेज सिंह, मोहित कक्कड़, पंकज बंसल, सुखविंदर सिंह, अमित धीमान, रणधीर सिंह मैहला, सचिन कुमार इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे

## जगाधरी अनाज मंडी में अव्यवस्था चरम पर, गेट बंद होने से किसानों की बढ़ी परेशानी

**नितिन सिंगला जगाधरी**

**हरियाणा** के जगाधरी की अनाज मंडी से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आई है, जहां किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार मंडी में फसलों की आवक का आज छठा दिन है, लेकिन व्यवस्थाएं पूरी तरह चरमराई हुई नजर आ रही हैं।

मंडी के गेट नंबर 2 पर हालात सबसे ज्यादा खराब बताए जा रहे हैं। किसानों का आरोप है कि उन्हें एक गेट से बाहर भेजा जाता है और फिर दूसरे गेट से वापस आना पड़ता है, जिससे उन्हें बेवजह चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।



वहीं एक गेट पूरी तरह से बंद है, जहां कुछ लोग धरने पर बैठे हुए हैं, जिससे स्थिति और बिगड़ गई है।

किसानों का कहना है कि पहले ही मंडी में फसलों की भारी आवक के कारण ट्रैक्टर-ट्रालियों की लंबी कतारें लगी हुई हैं, और गेट बंद होने से समस्या और भी गंभीर हो गई है। सुखविंदर, नीलू, राम मोहनलाल, सुरजीत और रामपाल सहित कई किसानों ने प्रशासन और मार्केट कमेटी पर सवाल उठाते हुए तुरंत समाधान की मांग की है।

किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द व्यवस्था नहीं सुधरी, तो उनकी फसल को नुकसान हो सकता है और उन्हें आर्थिक हानि उठानी पड़ सकती है। उन्होंने मांग की है कि मंडी सीजन के दौरान धरने को हटाया जाए, ताकि आवक सुचारू रूप से जारी रह सके।

## ईशरवाल मंडल भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया स्थापना दिवस

**तोशाम, वंदना शर्मा**

**तोशाम, 6 अप्रैल।** ईशरवाल मंडल के कार्यकर्ताओं ने गांव ईशरवाल स्थित पार्टी कार्यालय में मंडल अध्यक्ष कुलदीप महला की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटकर एक-दूसरे को बधाई दी।

मंडल अध्यक्ष कुलदीप महला ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी व अन्य भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की नेताओं के लंबे संघर्ष और कार्यकर्ताओं की मेहनत के बल पर आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है।

## भाजपा की विचारधारा से जुड़ाव, राष्ट्रसेवा का संकल्पः रेखा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला/मैनपाल**

भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के पावन अवसर पर राज्यसभा सांसद श्रीमती रेखा शर्मा ने पंचकूला स्थित अपने निवास पर समर्पित कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी का ध्वजारोहण कर संगठन की गौरवशाली यात्रा को नमन किया तथा कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर रेखा शर्मा ने कहा कि माँ भारती की सेवा, अंत्योदय के संकल्प और राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता सदैव अटल रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा से उनका जुड़ाव केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा का एक सशक्त



संकल्प है, जो उन्हें निरंतर जनसेवा के लिए प्रेरित करता है।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बनकर सेवा, सुशासन और विकास की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है, जिसकी आधारशिला समर्पित कार्यकताओं के अथक परिश्रम और त्याग पर आधारित है। स्थापना दिवस जैसे अवसर संगठन की गौरवशाली परंपरा को स्मरण करने तथा नए संकल्प के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्रीमती रेखा शर्मा ने कहा कि सेवा-भाव और संगठन की शक्ति ही भाजपा की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे इसी समर्पण भावना के साथ राष्ट्र निर्माण के पथ पर सक्रिय योगदान देते हुए पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लें।

संगोष्ठी

सक्रिय योगदान देते हुए पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लें: रेखा

कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने संगठन के प्रति अपनी निष्ठा दोहराते हुए राष्ट्रसेवा के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

## निगम का विशेष अभियानः अवैध सीवरेज, स्टॉर्म वाटर और पेयजल कनेक्शनों पर सख्तीः मेयर रेनू बाला

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** नगर निगम द्वारा निगम सीमा क्षेत्र में आने वाली सभी कॉलोनियों एवं आवासीय क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं से संबंधित अनियमितताओं की जांच के लिए एक व्यापक विशेष अभियान शुरू किया जा रहा है। इसके अंतर्गत मुख्य रूप से सीवरेज, स्टॉर्म वाटर एवं पेयजल आपूर्ति जैसी मूलभूत जन सुविधाओं के प्रयोग में बरती जा रही अनियमितताओं और अन्य पहलुओं की न केवल बारीकी से जांच पड़ताल की जाएगी, बल्कि इसी आधार पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करके नियमों का उल्लंघन करने वालों को नोटिस भी जारी किए जाएंगे।

मेयर रेनू बाला गुप्ता ने बताया कि निगम प्रशासन को लंबे समय से लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं कि अनेक कॉलोनियों में सीवरेज, स्टॉर्म वाटर एवं पेयजल आपूर्ति की सुविधाएं बिना अनुमति सीधे नगर निगम की लाइनों से जोड़ी जा रही हैं। कई स्थानों पर कॉलोनाइजरों द्वारा न तो सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) स्थापित किया गया है और न ही स्वयं की जल निकासी या पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, जो कि पूरी तरह नियमों के



विरुद्ध है। ऐसे अधिकांश क्षेत्रों में नगर निगम की ओर से प्रदत्त सुविधाओं का उपयोग किया जा रहा है, जिससे जुड़ी शिकायतों का संज्ञान लेते हुए अभियान की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई है।

मेयर ने स्पष्ट किया कि यह अभियान नगर निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत समस्त नियमित एवं अनियमित कॉलोनियों को कवर करेगा। इसके तहत निगम की टीमें क्षेत्रवार निरीक्षण करते हुए प्रत्येक कॉलोनी में कनेक्शनों की वैधता की बारीकी से जांच करेंगी। जांच के आधार पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले कॉलोनाइजरों एवं संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि कई क्षेत्रों में बिना अनुमति मूलभूत सुविधाओं का उपयोग करने के साथ-साथ सीवरेज, स्टॉर्म वाटर और पेयजल निकासी के उचित प्रबंध भी नहीं किए गए हैं, जिससे विभिन्न प्रकार की अनियमितताएं उत्पन्न हो रही हैं। ऐसे मामलों में अन्य संबंधित विभागों से भी समन्वय स्थापित करके रिपोर्ट प्रेषित की जाएगी ताकि आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जा सके। उन्होंने बताया कि नगर निगम के तकनीकी विशेषज्ञ सतीश शर्मा सहित अन्य अधिकारियों की टीम इस अभियान को क्रियान्वित करेगी। मेयर ने दो टूक कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों को किसी भी प्रकार की रियायत नहीं दी जाएगी।

## पूर्व उप प्रधानमंत्री ताऊ देवीलाल की 25वीं पुण्यतिथि सोमवार को पंचकूला में श्रद्धापूर्वक मनाई गई

**टीम एक्शन इंडिया**

**पंचकूला/मैनपालः** पूर्व उप प्रधानमंत्री ताऊ देवीलाल की 25वीं पुण्यतिथि सोमवार को पंचकूला में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर जिला भर से आए इनेलो कार्यकताओं ने सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन कर पूर्व उपप्रधानमंत्री को श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी । मुख्य कार्यक्रम सेक्टर 3 स्थित ताऊ देवीलाल खेल परिसर में आयोजित किया गया । जिलाध्यक्ष सतिंदर टोनी, शहरी जिलाध्यक्ष मनोज अग्रवाल समेत पूरे जिला से आए इनेलो नेता, कार्यकर्ता एवं गणमान्य व्यक्तियों ने ताऊ की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

अपने संबोधन में जिलाध्यक्ष सतिंदर टोनी ने कहा कि ताऊ देवीलाल ने



सदैव किसान, मजदूर और कमेरों के हकों के लिए आवाज बुलंद की और प्रदेश के मुख्यमंत्री रहते उन्होंने छतीस बिरादरी और खासकर शोषित वर्ग के लोगों के उत्थान वाली नीतियां बनाई। शहरी जिलाध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने कहा कि देश में पहली बार ताऊ देवीलाल ने बुजुर्गों के सम्मान के लिए 100 रुपए मासिक पेंशन योजना लागू की । कर्ज में डूबे किसानों के कर्जे माफ किए । किसानों के ट्रैक्टर को कमर्शियल वाहन से हटा कर गड्डा घोषित किया । महिला जिलाध्यक्ष सुरेश चौधरी ने कहा कि अनुसूचित वर्ग के लोगों के लिए चौपालों का निर्माण तथा उनकी महिलाओं के लिए जच्चा-बच्चा भत्ता जैसी लोक भलाई योजनाओं को लागू किया। शिट्टू राणा, गुरदास सरपंच, योगेश्वर शर्मा, भागीरथ प्रजापत, गीता रानी, विकास, चरणसिंह ने कहा कि जननायक स्वर्गीय देवीलाल की नीतियों का अनुसरण करना ही इनेलो पार्टी का एकमात्र उद्देश्य है। सर्व समाज के लोगों का उत्थान सिर्फ जननायक ताऊ देवीलाल के पदचिन्हों पर चल कर ही किया जा सकता है।

## न्यूज फ्लैश

### मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना, तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड़ की निःशुल्क यात्रा के लिए 15 अप्रैल तक कराएं पंजीकरणः अनुभव मेहता



**लाडवा, 6 अप्रैल (विजय कौशिक)** : एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि हरियाणा सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत श्री हजूर साहिब नांदेड़, महाराष्ट्र के लिए 5 मई को कुरुक्षेत्र से विशेष ट्रेन रवाना होगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस ट्रेन को झंडी दिखाकर प्रदेश के विभिन्न जिलों से जाने वाली संगत को रवाना करेंगे।

एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक, जिनकी आयु 60 वर्ष से अधिक है और उनकी पारिवारिक आय एक लाख 80 हजार रुपए से कम है, वे इस योजना का लाभ उठा सकते हैं।

योजना का लाभ उठाने के लिए सरल हरियाणा पोर्टल पर 15 अप्रैल तक पंजीकरण किया जा सकता है। पात्र व्यक्ति नजदीकी सीएससी सेंटर या अपने स्मार्ट फोन से सरल हरियाणा पोर्टल पर घर बैठे इस निःशुल्क यात्रा के लिए पंजीकरण कर सकते हैं।

योजना का लाभ उठाने के लिए यह होगी पात्रता

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत आवेदन करने के लिए कुछ आवश्यक दस्तावेज अनिवार्य किए गए हैं, जिनमें वैध फोटो पहचान पत्र (जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड या अन्य सरकारी आईडी), परिवार पहचान पत्र (पीपीपी), शारीरिक रूप से यात्रा के लिए फिट होने की स्वयं घोषणा तथा पिछले तीन वर्षों में योजना का लाभ न लेने की घोषणा शामिल है। उन्होंने पात्रता की जानकारी देते हुए बताया कि आवेदक का हरियाणा का निवासी होना और परिवार पहचान पत्र होना अनिवार्य है।

उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक को एक सहायक को पूर्ण भुगतान पर साथ ले जाने की अनुमति है। वहीं 18 से 60 वर्ष आयु वर्ग या 1.80 लाख से अधिक आय वाले लोग इस योजना का लाभ पूर्ण भुगतान पर उठा सकते हैं। योजना के नियमों के अनुसार, कोई भी व्यक्ति हर तीन वर्षों में केवल एक बार ही इस सुविधा का लाभ ले सकता है। पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर संचालित इस योजना में आवेदन के लिए परिवार पहचान पत्र अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत यात्रियों के रहने, खाने और स्थानीय परिवहन की पूरी व्यवस्था सरकार द्वारा अपने स्तर पर की जाएगी।

पंजीकरण के उपरांत संगत को डीआईपीआरओ कार्यालय में देनी होगी सूचना

### इन्दिरा गाँधी नेशनल कॉलेज, धनौरा-लाडवा में संस्थापक प्रधान स्व. ओमप्रकाश गर्ग की 37वीं पुण्यतिथि के अवसर को रक्तदान शिविर का आयोजन

**लाडवा 6 अप्रैल (विजय कौशिक)** : इन्दिरा गाँधी नेशनल कॉलेज, धनौरा-लाडवा द्वारा संस्थापक प्रधान स्वर्गीय श्री ओमप्रकाश गर्ग जी की 37वीं पुण्यतिथि के अवसर पर दिनांक 7 अप्रैल 2026 को कॉलेज परिसर में 28वें रक्तदान शिविर एवं हवन का आयोजन किया जा रहा है इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जसवंत सिंह, एच.जे.एस.-1, अधीक्षक, जिला जेल, सिरसा (हरियाणा) उपस्थित रहेंगे। रक्तदान शिविर में कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्रबंधक समिति के संस्थापक सदस्य स. उजागर सिंह करेंगे। रक्तदान शिविर का संचालन लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल, कुरुक्षेत्र की विशेषज्ञ टीम की देखरेख में किया जाएगा, जिससे रक्तदाताओं को सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित सुविधा प्रदान की जा सके। प्रो. कुशल पाल ने स्व. श्री ओमप्रकाश गर्ग जी के जीवन एवं योगदानों को स्मरण करते हुए बताया कि वे एक प्रख्यात समाजसेवी एवं शिक्षा प्रेमी नेता थे। उन्होंने पंजाब में एम.एल.सी. तथा हरियाणा में विधायक के रूप में जनसेवा की और तीन बार विधायक बनने का गौरव प्राप्त किया। अपने कार्यकाल में उन्होंने क्षेत्र के विकास हेतु अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए। कुरुक्षेत्र को जिला बनाने में उनकी अहम भूमिका रही, साथ ही कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के गठन एवं विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थानों के पुनर्निर्माण में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। शिक्षा के क्षेत्र में उनकी विशेष रुचि के कारण उन्होंने क्षेत्र में विद्यालयों एवं महाविद्यालयों की स्थापना कर शिक्षा के प्रसार को नई दिशा दी।

# विचारधारा से विकास तक भाजपा की यात्रा निरंतर जारी है: कृष्णा गहलावत

**स्थापना दिवस**

*गरीब कल्याण से सशक्त राष्ट्र निर्माण की ओर आगे बढ़ रहा भारत : विधायक कृष्णा



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत**
राई की विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में आज भारत ने वैश्विक स्तर पर एक नई पहचान स्थापित की है, जिसकी मजबूत नींव पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के दूरदर्शी नेतृत्व में रखी गई थी। उन्होंने कहा कि पार्टी हमेशा विचारधारा आधारित राजनीति करते हुए राष्ट्र को सशक्त और विकसित बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ी है। वरिष्ठ नेताओं के त्याग, संघर्ष और दूरदृष्टि का ही परिणाम है कि राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए जनसंघ जैसे संगठन को भी व्यापक लक्ष्य के लिए विलय किया गया। यह भाजपा की उस सोच को दशार्ता है, जिसमें सत्ता या संगठन से ऊपर राष्ट्र निर्माण और भारत को उच्चतम शिखर पर पहुंचाने का संकल्प सर्वोपरि रहा है। विधायक कृष्णा गहलावत सोमवार को सोनीपत में भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में पार्टी के 47 वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रही थी । विधायक कृष्णा गहलावत ने स्थापना दिवस पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस उन मूल्यों और आदर्शों की याद दिलाने का अवसर है, जिन्हें महान नेताओं ने अपने तप और परिश्रम से संगठन में स्थापित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की स्थापना केवल एक राजनीतिक दल के रूप में नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा, समर्पण और मजबूत विचारधारा के उदय के रूप में हुई थी। 6 अप्रैल 1980 को रखी गई इस नींव ने आज एक विशाल वटवृक्ष का रूप ले लिया है, जो विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक संगठन के रूप में स्थापित है। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि इस ऐतिहासिक सफर के पीछे करोड़ों कार्यकताओं का त्याग, परिश्रम और समर्पण है, जिन्होंने दिन-रात मेहनत कर राष्ट्र को नई दिशा देने का कार्य किया है।

विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा विचारधारा आधारित राजनीति करते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धांतों पर आगे बढ़ी है, जिसके परिणामस्वरूप आज भारत नई विकास ऊंचाइयों को छू रहा है।

## संगठन की शक्ति ही हमारी सबसे बड़ी ताकत : प्रवीण लाठर

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल**। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर की अध्यक्षता में पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर सेक्टर 9 स्थित भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में बैठक सम्पन्न हुई।

जिला कार्यकारिणी की इस बैठक में जिला प्रभारी भारत भूषण जुयाल सहित करनाल नगर निगम महापौर रेणु बाला गुप्ता, विस्तारक शशि दुरेजा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कृष्ण,जगदेव पाढा, पूर्व चेयरपर्सन निर्मला बैरागी, स्वच्छता अभियान के वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्रा, राजबीर शर्मा, यशपाल ठाकुर, हरियाणा सरकार में चेयरपर्सन मेघा भंडारी, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेश सैनी, एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश सहित जिला कार्यकारिणी सदस्य, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, नगर निगम पार्षद एवं मंडल महामंत्री उपस्थित रहे।

बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। प्रवीण लाठर ने अपने सम्बोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी संगठन की शक्ति ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने इस मौके पर 6 अप्रैल को भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर सभी कार्यकताओं को अपने अपने घरों पर पार्टी का ध्वज फहराने के निर्देश दिए।

भाजपा स्थापना दिवस की तैयारियों एवं डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर होने वाले कार्यक्रमों के लिए कार्यकताओं की जिम्मेदारियां निर्धारित की गई। कार्यकारिणी की इस बैठक में पार्टी को संगठनात्मक दृष्टि से मजबूती प्रदान करने के लिए कार्यकताओं को बूथ स्तर पर बैठकों को आयोजित करने के लिए भी सभी कार्यकताओं को उचित दिशा-निर्देश दिए गये।

### पुरानी रंजिश के चलते टोल प्लाजा पर फायरिंग के मामले में चार आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल**। जिला पुलिस द्वारा थाना निसिंग क्षेत्र के अंतर्गत टोल प्लाजा प्योंत पर पुरानी रंजिश के चलते फायरिंग करने के मामले में सीआईए असंध इंचार्ज उप निरीक्षक सुलिंदर सिंह व थाना निसिंग प्रबंधक निरीक्षक श्री भगवान के नेतृत्व में संयुक्त टीमों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियो को काबू करने में सफलता हासिल की है। काबू किए गए आरोपियो की पहचान आशीष पुत्र दिलबाग सिंह, नरेंद्र पुत्र सुरेश कुमार, सुमित कुमार पुत्र जैसलमेर सिंह निवासी गांव जैनी तथा कवि गोल्लन पुत्र हवा सिंह निवासी गांव लालेन, जिला करनाल के रूप में हुई है।

## समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का शीघ्र करें निपटान : अनुभव

**समाधान शिविर**

प्रत्येक सोमवार व वीरवार को प्रात :10 से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित।

**लाडवा 6, अप्रैल (विजय कौशिक)** : एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं को मौके पर ही निपटान करने का भरसक प्रयास रहे, यदि कोई समस्या का समाधान दस्तावेजों या अन्य जांच पर आधारित है तब भी उसका समयबद्ध होकर जल्द निपटान करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के आदेशानुसार आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे हैं। समाधान शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। पूर्व की भांति जिला व उपमंडल दोनों स्तरों पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है उन्होंने बताया कि सरकार की इस अनोखी पहल इस द्वारा सरकार व जनता का सिधा जन सम्पर्क हो रहा है जिससे जनता में सरकार के प्रति निष्ठा की भावना बढ़ती जा रही है और लोगों की समस्याओं का समाधान हो रहा है। इस शिविर के द्वारा लोगों को यहां वहां नही भटकना पडता और एक छत के निचे सभी प्रकार की सरकारी योजनाओं से संबधित जानकारी प्राप्त हो जाती है और जनता के कार्य आसान हो जाते है। उन्होंने हल्कावाशियों से अपील कि की वह अपने सभी सरकारी कार्यो के समाधान हेतु शिविर में आएं।



6 लाडवा 5 : समाधान शिविर में जन समस्याएं सुनते अधिकारी। प्रत्येक सोमवार व वीरवार को प्रातः10 से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित।

### वाजपेयी जी के नेतृत्व में भाजपा ने रखी मजबूत नींवः प्रवीण लाठर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल**। भाजपा स्थापना दिवस पर आज भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर द्वारा भाजपा के सभी वरिष्ठ कार्यकताओं सहित भाजपा जिला कार्यालय कर्ण कमल में हवन यज्ञ करने के पश्चात ध्वजारोहण किया गया एवं पार्टी के वरिष्ठ कार्यकताओं को सम्मानित भी किया गया।

इस अवसर पर मुख्य तौर पर घरोंडा विधायक एवं हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे। स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय में सभी कार्यकताओं ने मंत्रों उच्चारण के साथ सामूहिक तौर पर हवन-यज्ञ किया, जिसमें मुख्य तौर पर विधानसभा स्पीकर हरविंदर कल्याण, जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर, जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल, पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता, जिला महामंत्री सुभाष कश्यप, मानव पुरी, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर कृष्ण गर्ग, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशोक भंडारी, चेयर पर्सन मेघा भंडारी, निरूपमा सदर, मीना काम्बोज, जिला कार्यालय प्रमुख मदन गुर्जर, जिला मीडिया प्रभारी डा.अशोक कुमार, विकास कथुरिया, जिला प्रवक्ता शिव नाथ कपूर, संकल्प भंडारी, प्रियंका सहित अन्य कार्यकताओं ने यज्ञ में आहुतियां अर्पण करते हुए सुख शांति की कामना की।

## विधायक निखिल मदान और पूर्व मेयर राजीव जैन ने किया विकास कार्यों का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत** : सोमवार सुबह विधायक निखिल मदान और पूर्व मेयर राजीव जैन वार्ड नं 20 में पहुंचे जहां उन्होंने नगर निगम द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। इस दौरान पूर्व निगम पार्षद नीतू दहिया और क्षेत्र के सभी गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर स्थानीय लोगों द्वारा विधायक और पूर्व मेयर का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया और विकास कार्यों के लिए आभार जताया।



विधायक निखिल मदान ने बताया कि वार्ड नं 20 में कोर्ट रोड पर हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल वाली मुख्य सड़क पर पुरानी सीवरेज लाइन जर्जर हालत में होने के कारण दूषित जल भराव की समस्या स्थानीय लोगों द्वारा संज्ञान में लाई गई थी। समस्या के निवारण हेतु नई सीवरेज लाइन बिछाने का टेंडर लगाया गया था। इस कार्य को लगभग 17 लाख रुपये की लागत से पूरा करवाया जाएगा। आज इस कार्य को शुरू करवाया गया है इस सीवरेज लाइन को हिंदू स्कूल से लेकर पंचायत भवन पर सीवरेज की मेन लाइन तक बिछाया जाएगा।

इसके साथ ही विभिन्न वार्डों में सड़क , गली निर्माण और सीवरेज लाइन बिछाने के कार्य प्रगति पर है जिन्हें जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा।

पूर्व मेयर राजीव जैन ने बताया कि हिंदू स्कूल वाली सड़क पर स्कूली बच्चों का आवागमन होता है। रोड पर सीवरेज लाइन पुरानी और जर्जर होने के कारण दूषित जल भराव की समस्या सामने आ रही थी। इस समस्या के समाधान के लिए नगर निगम द्वारा नई सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य आज शुरू कर दिया गया है, इस कार्य को इसी माह में पूरा कर लिया जाएगा जिससे क्षेत्र वासियों को सीवरेज जाम की समस्या से निजात मिलेगी।

इस अवसर पर पूर्व निगम पार्षद नीतू दहिया, राजेश दहिया, हेमा चतुर्वेदी, सुरेश गुप्ता, अजय गुप्ता, विजेंद्र सिंह,योगेंद्र सिंह, राम सिंह त्यागी, दिलबाग सिंह हुड्डा,संजय पालीवाल आदि लोग मौजूद रहे।

## नशीले पदार्थों की तस्करी पर शिकंजा, अफीम रखने का आरोपी गिरफ्तार, अफीम बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा 6 अप्रैल (विजय कौशिक)** :जिला पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी पर शिकंजा कसते हुए नशीला पदार्थ रखने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के मार्ग-निर्देश में एंटी नारकोटिक सैल की टीम ने नशीला पदार्थ रखने के आरोप मे धीरज चौहान वासी लाडवा काबू करके उसके कब्जा से 253 ग्राम अफीमबरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने नशीला पदार्थ मंगवाने के आरोपी अंकित कुमार वासी बपदा जिला कुरुक्षेत्र को भी किया गिरफ्तार




।जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 5 अप्रैल 26 को एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी एसआई सतविन्द्र सिंह के दिशा-निर्देश में सहायक उप निरीक्षक सुशील कुमार, संजीव कुमार, मुख्य सिपाही बलदेव सिंह, सिपाही रवि, एसपीओ संजय कुमार व गाड़ी चालक प्रवीन कुमार की टीम एंटी नारकोटिक सैल में मौजूद थी। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि धीरज चैहान वासी संगम मार्किट लाडवा जिला कुरूक्षेत्र का रहने वाला है। आरोपी कपड़ों के शोरूम में नौकरी करता है तथा शोरूम में कपडों के नीचे अफीम रखकर बेचने का काम करता है। जो कपडों के नीचे अफीम छुपाकर रखी हुई है। यदि तुरंत उसको काबू किया जाये तो उससे अफीम बरामद हो सकती है। सूचना पर

### नकदी व सोने के आभूषण चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल**। जिला पुलिस की सीआईए-1 टीम ने घर में घुसकर नकदी व सोने के आभूषण चोरी करने के मामले में सख्त कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई सीआईए.1 इंचार्ज निरीक्षक संदीप सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में गठित टीम द्वारा की गई।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पंकज पुत्र शेर सिंह निवासी विकास नगर करनाल व मोहित पुत्र जयपाल निवासी ब्रह्मनगर राजीव कॉलोनी हंसी चौक करनाल को गिरफ्तार किया गया

## सब जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में चमके सेपक टकरा खिलाड़ी हर्ष

**सोनीपत, 06 अप्रैल।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) के सेपक टकरा खिलाड़ी हर्ष ने 23 से 27 मार्च तक रांची, झारखंड आयोजित सब जूनियर नेशनल सेपक टकरा चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। नौवीं कक्षा के छात्र हर्ष के दमदार खेल की बदौलत हरियाणा के लड़कों की टीम ने उपविजेता बनने का गौरव हासिल किया। स्कूल में लौटने पर सेपक टकरा खिलाड़ी हर्ष का फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, डायरेक्टर ध्रुव जैन, प्राचार्या गीता चोपड़ा व उप प्राचार्या रूना दास ने हर्ष को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य




की कामना की। सुधीर जैन ने कहा कि हर्ष बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी है। उन्होंने भरोसा जताया कि वह भविष्य में भी राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने प्रदर्शन से सोनीपत का नाम रोशन करता रहेगा। प्राचार्या गीता चोपड़ा ने बताया कि सब जूनियर नेशनल सेपक टकरा चैंपियनशिप में हरियाणा के लड़कों की टीम ने शानदार प्रदर्शन कर दूसरा स्थान हासिल किया। लीग मैचों में हरियाणा की टीम ने झारखंड, उत्तराखंड, गोवा व पश्चिम बंगाल को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। हरियाणा ने क्वार्टर फाइनल में दिल्ली को 15-10 व 15-11 से और सेमीफइनल में नागालैंड को 15-8 व 15-12 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया । लेकिन फाइनल मुकाबले में मणिपुर की टीम ने हरियाणा को कड़े मुकाबले में 15-12 व 15-13 से हरा दिया। इस प्रतियोगिता में उपविजेता बनी हरियाणा टीम के खिलाड़ी हर्ष ने इन मैचों में बेहतर खेल दिखाते हुए सभी को प्रभावित किया। प्राचार्या ने इस सफलता के लिए स्कूल के खेल इंचार्ज व कोच संजीत को भी बधाई दी। हर्ष के पिता पंकज शर्मा व माता पूनम रानी ने भी अपने लाडले की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की है। स्कूल के खेल इंचार्ज व कोच संजीत ने बताया कि प्रदेश सरकार की तरफ से इस सफलता के लिए हर्ष को 80 हजार रुपये का कैश अवार्ड भी दिया जाएगा। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर नीरजा, महक व गीता राणा, निधि, मोनिका, पारुल, ज्योति, रितु सिंह, श्वेता, नमिता, मीनू, अर्चना, सुषमा, आहुति, स्वाति, सोनिया मदान, निशा, सीमा रानी ,खेल इंचार्ज संजीत, पीटीआई राखी सहित सभी स्टाफ सदस्यों ने भी हर्ष का हौसला बढ़ाया।

## भाजपा का 47वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला, 06 अप्रैल मैनपाल**
भारतीय जनता पार्टी के 47 वें स्थापना दिवस के अवसर पर पंचकूला स्थित पार्टी मुख्यालय पंचकमल में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पंचकूला जिला अध्यक्ष अजय मित्तल, प्रदेश संगठन मंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा, राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया, कालका विधायिका शक्ति रानी शर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता, पूर्व नगर महापौर कुलभूषण गोयल, प्रदेश सचिव राहुल राणा, प्रदेश कोषाध्यक्ष वरिंदर गर्ग, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार प्रवीण अत्रे, जिला महामंत्री जय कौशिक, कार्यक्रम के जिला संयोजक भवनजीत सिंह




सूदन, सह संयोजक के. चन्दन, युवराज कौशिक, राज कुमार शर्मा, जिले के सभी मंडल अध्यक्ष, महामंत्री सहित तमाम नेताओं ने पार्टी का ध्वज फहरा कर एक दूसरे को बधाइयां दीं। इस मौके पर अटल सभागार में विराट कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमे पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओ, पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने भारी संख्या में भाग लिया। सम्मेलन में जिले के वयोवृद्ध कार्यकर्ताओ को अंगवस्त्र देकर सम्मानित भी किया गया। स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अजय मित्तल ने कहा कि भाजपा आज दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है, जिसका श्रेय समर्पित कार्यकताओं और मजबूत नेतृत्व को जाता है। अजय मित्तल ने कहा कि राष्ट्र प्रथम और सेवा ही संगठन की भावना के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में आज देश और प्रदेश में चहुंमुखी विकास के नित नए आयाम स्थापित हो रहे है। उन्होंने कार्यकताओं से संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा ने सदैव सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को प्राथमिकता दी है। केंद्र और राज्य सरकार की जनहितकारी नीतियों से समाज के हर वर्ग को लाभ मिला है। उन्होंने कहा की हम एक लम्बा संघर्ष करके यहाँ तक पहुंचे है, और इस संघर्ष में समाज के हर वर्ग का बड़ा योगदान रहा है। अजय मित्तल ने बताया कि स्थापना दिवस के कार्यक्रम में प्लास्टिक मुक्त व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया साथ ही कार्यक्रम के उपरांत कार्यालय परिसर एवं आस पास स्वच्छता अभियान भी चलाया गया।कालका विधायिका शक्ति रानी शर्मा ने कहा कि भाजपा का मूल उद्देश्य अंत्योदय के सिद्धांत पर चलते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना है। शक्ति रानी शर्मा ने कहा कि हमारा मजबूत संगठन ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कार्यकताओं से जनसेवा में निरंतर जुटे रहने का आह्वान किया।

## सहारा इंटरनेशनल स्कूल परिसर में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा 6 अप्रैल (विजय कौशिक)** : सहारा इंटरनेशनल स्कूल लाडवा के परिसर में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ हवन करके किया गया। स्कूल में अत्यंत श्रद्धा, उल्लास और सकारात्मक ऊर्जा के साथ वैदिक मंत्रोच्चार एवं हवन-पूजन द्वारा किया गया। इस पावन अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएँ एवं समस्त स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही।

सभी ने एकाग्रचित्त होकर प्रार्थना की तथा ईश्वर से ज्ञान, सद्बुद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और सफल



शैक्षणिक वर्ष की मंगलकामना की।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विक्रांत अग्रवाल जी एवं गीतिका अग्रवाल जी ने विद्यार्थियों को परिश्रम, अनुशासन एवं सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाकर अपने लक्ष्यों की ओर निरंतर अग्रसर रहने का संदेश दिया।

यह शुभारंभ न केवल नए सत्र की शुरूआत है, बल्कि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की ओर एक सशक्त कदम भी है।

